संक्षिप्त समाचार

एग्जीबिशन में पहुंचे रवि किशन, महिलाओं की क्रिएटिविटी की जमकर की तारीफ

गोरखपुर,वेब वार्ता । भाजपा सांसद रवि किशन ने सोमवार को गोरखपुर में आयोजित ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल एग्जीबिशन में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम और वहां पर आए प्रतियोगी महिलाओं की भी जमकर सराहना की। रवि किशन ने आईएएनएस के साथ बातचीत में बताया कि इस कार्यक्रम के लिए वह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दिल से धन्यवाद देते हैं। देखिए यह हमारे सीएम का गृह जनपद है और वह चाहते थे कि यहां पर आत्म निर्भरता आए, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट हो। सबसे अच्छी बात यह है कि यहां पर सारी नारी शक्तियां आई हुई हैं। सभी ने अपनी हाथ से बनाई गई की है। प्रधानमंत्री मोदी की बात को प्रदेश की हर महिला दिल से मानने लगी है और अब हर कोई अपनी क्रिएटिविटी लेकर आई हैं।' उन्होंने कहा, 'अब मैं मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उनके इस बदलते भारत में नारी नए रूप लेकर आ रही है। मुझे लगता है कि हमारी महिलाओं को इस तरह के फैशन से मिलान, न्यूयॉर्क जैसी सिटी में जाने की जरूरत नहीं है।' रवि किशन ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा, 'गोरखपुर में इस तरह के फैशन एग्जीबिशन हो रहे हैं, यहां पर इतने सारे स्टॉल हैं कि अब समझ में नहीं आ रहा है कि मुझे किसकी तारीफ करनी चाहिए। मैं पिछले 1-2 घंटे से लगातार बस घूम ही रहा हूं। यहां दिलचस्प बात ये है कि यहां पर बड़े अच्छे-अच्छे परिवार से ताल्लुक रखने वाली बहुत क्रिएटिव महिलाएं आई हुई हैं और वो भी शानदार जोड़ी के साथ। कुछ मां-बेटी की जोड़ी है, तो कोई दोस्त है या फिर कोई सास-बहू हैं।' रवि किशन का मानना है कि इस तरह के संबंधों के साथ यह सब कार्य करना बहुत मजे की बात है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हमारा भारत आने वाले सालों में बहुत सुरक्षित होगा, लेकिन महिलाओं के साथ।' रवि किशन ने समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा उत्तर प्रदेश में 'समाजवादी पीडीए यात्रा' निकालने पर कहा, 'उसको पीडिए न बोले वे बस परिवार के लिए वोट मांगने के लिए निकले हैं। पंडितों को भी बहुत अच्छे से पता है और जितने भी ब्राह्मण हैं, वे बहुत ही त्यागी और विद्वान समाज हैं।'

15-20 साल बाद कोई और सीएम भी यहां बैठेगा

नए मुख्यमंत्री कार्यालय को लेकर सीएम सुक्खू का विपक्ष पर पलटवार



शिमला,वेब वार्ता । हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री कार्यालय के उद्घाटन के बाद सियासत तेज हो गई है। विपक्ष द्वारा फिजूलखर्ची के आरोपों पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह उनका निजी घर नहीं बल्कि मुख्यमंत्री कार्यालय है। शिमला में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा, 'विपक्ष के पास कहने के लिए कुछ नहीं है। विपक्ष ने 1,000 करोड़ की इमारतें बनवाकर फिजूलखर्ची की है। मैंने तो सिर्फ मुख्यमंत्री का ऑफिस बनवाया है। अगर 15-20 साल बाद विपक्ष का कोई मुख्यमंत्री सत्ता में आता है, तो वह भी इसी ऑफिस में बैठेगा।' सुक्खू ने कहा, 'यह मेरा निजी घर नहीं है बल्कि यह ऑफिस संस्था का है। मुख्यमंत्री और कैबिनेट लोकतंत्र की संस्थाएं हैं, ठीक वैसे ही जैसे न्यायपालिका और कार्यपालिका हैं। कई बार ये कहा जाता था कि डीसी के कार्यालय आपके कार्यालय से भी अच्छे हैं।

चित्तौड़गढ़ के नए सभापति बने बीजेपी के अनिल ईनाणी:बोले- विकास का हर काम रफ्तार से पूरा करेंगे; कांग्रेस के नगेंद्र सिंह को हराया

चित्तौड़गढ़, 21 सितम्बर (का.सं.)। चित्तौड़गढ़ नगर परिषद के नए सभापति भाजपा के अनिल ईनाणी निर्वाचित हुए हैं। ईनाणी को 36 वोट मिले। जबकि कांग्रेस नगेंद्र सिंह राठौड़ को 24 वोट मिले।

सुबह 10 से दोपहर 2 बजे वोटिंग हुई। इसके बाद दोपहर 1.20 बजे नतीजे जारी किए गए। जीत के बाद ईनाणी के समर्थकों ने जश्न मनाया। इस मौके पर अनिल ईनाणी ने कहा कि अब उनका पूरा ध्यान शहर के विकास पर रहेगा। उन्होंने सांसद, विधायक और मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि चित्तौड़गढ़ के विकास के लिए जरूरी हर काम प्राथमिकता से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़कों के कई टेंडर पहले हो चुके हैं, लेकिन युद्ध के कारण समय पर डामर नहीं पहुंचने से काम अटक गया। अब ऐसी स्थिति नहीं आने दी जाएगी और शहरी विकास के लिए पूरी कोशिश की जाएगी।

भाजपा के 23 पार्षदों के साथ दो निर्दलीय पार्षद भी पहुंचे

चित्तौड़गढ़ में भाजपा के 33 पार्षदों के साथ दो निर्दलीय पार्षद भी मतदान के लिए पहुंचे यानि की कुल 35 पार्षद पहुंचे। वार्ड नंबर 18 से निर्दलीय पार्षद मुकेश भी भाजपा पार्षदों के साथ वोट देने पहुंचे। मतदान के बाद एक-एक कर पार्षद नगर परिषद से बाहर निकल रहे हैं और उन्हें वापस बस में बैठाया जा रहा है। वार्ड नंबर 59 से निर्दलीय पार्षद प्रमोद राजपुरोहित अपने साथी पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष किशन शर्मा, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष रामचंद्र मेवाड़ा और नवीन गुर्जर के साथ अलग से नगर परिषद पहुंचे।

जिला पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव भी नगर परिषद पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ पुलिस जाब्ता और क्यूआरटी की टीम मौजूद रही। मौके पर डीएसपी बृजेश सिंह, कोतवाली थाना अधिकारी रजनीश कुमार, सदर थानाधिकारी प्रेम सिंह, गंगरार थानाधिकारी तुलसीराम प्रजापत सहित पुलिस जाब्ता तैनात है। वहीं, वार्ड नंबर 11 से भाजपा के निर्वाचित पार्षद भोलाराम प्रजापत के नगर परिषद से बाहर आते ही उनके समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी की। समर्थक उन्हें अपने साथ ले गए और स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने उन्हें उपसभापति बनाने की मांग को लेकर नारेबाजी भी की।

सभापति और उपसभापति पद के चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट ने संबंधित नगर निकाय और निर्वाचन स्थलों पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। सभापति पद का मतदान 21 सितंबर और उपसभापति पद का निर्वाचन 22 सितंबर को होगा।

पूर्व विधायक जाड़ावत निर्दलीय सहित 19 पार्षदों के साथ पहुंचे

पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह जाड़ावत अपने गुट के निर्दलीय सहित 19 पार्षदों के साथ नगर परिषद पहुंचे। यहां वार्ड नंबर 41 से निर्दलीय पार्षद इरशाद भी पहुंचे। इससे पहले कांग्रेस के संदीप शर्मा गुट के पांच पार्षद पहुंचे थे। इनके साथ नगर परिषद सभापति के कांग्रेस प्रत्याशी नगेंद्र सिंह राठौड़ भी थे।

विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत सेवा सेतु अभियान षिविरों का हो रहा आयोजन

सिरोही, 21 सितंबर। जिले में विकसित भारत अभियान के तहत पंचायत समिति स्तर पर सेवा सेतु अभियान ग्रामीण षिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये षिविर 25 सितंबर तक संचालित होंगे। इन षिविरों के प्रभारी अधिकारी विकास अधिकारियों को बनाया गया है। इन षिविरों का माध्यम से 09-30 से 06-00 बजे तक किया जा रहा है। इन षिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं।

पंचायती राज विभाग द्वारा आईएचएचएल की स्वीकृतियां जारी करना, सामुदायिक स्वच्छता परिसर की स्वीकृतियां जारी करना, अक्रियाशील सामुदायिक स्वच्छता परिसरों को क्रियाशील बनाना, सोख्ते गड्ढे व मैजिक पिट की स्वीकृतिया जारी करना एवं पूर्व में निर्मित की साफ-सफाई करना, आरआरसी केन्द्रो को क्रियाशील करना, ठोस कचरा अपशिष्ट नियम 2026 की जानकारी आमजन को देना तथा स्वच्छता ही सेवा की गतिविधियां करना। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत शेष द्वितीय एवं तृतीय किश्त जारी करना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के डुप्लीकेट जॉब कार्डो का सत्यापन करना। राजस्व विभाग द्वारा राजस्व अभिलेख/खातों का शुद्धिकरण, आपसी सहमति से खातों का विभाजन, रास्ते के प्रकरण का निस्तारण, नामान्तरकरण सम्बन्धी प्रकरणों का निस्तारण, सरकारी/चारागाह/विभागीय भूमियों के अतिक्रमण प्रकरण, भूमिहीन किसानों को भूमि आवंटन, गैर खातेदारी से खातेदारी अधिकार प्रदान करना, सीमाज्ञान/पत्थरगढ़ी के प्रकरण का निस्तारण, आबादी विस्तार हेतु राजकीय भूमि आवंटन/आरक्षण (सेट अपार्ट कार्यवाही की जायेगी, सार्वजनिक/राजकीय प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन/आरक्षण प्रस्ताव, जाति/मूल निवास/हैसियत प्रमाण-पत्र जारी करना तथा फार्मर रजिस्ट्री। वन विभाग द्वारा राजस्व विभाग के सहयोग से वन भूमियों का अमल दरामद एवं सीमांकन, राजस्य विभाग के सहयोग से वन भूमि पर अतिक्रमणों का चिन्हीकरण, वन विभाग संबंधित परिवादों का निस्तारण तथा पौधों का वितरण।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, ओरल, ब्रेस्ट, सवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग, सिकल सैल रोग की स्क्रीनिंग (ट्राइबल एरिया बच्चों का टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग करना, टीबी मुक्त भारत अभियान, टी.बी. रोग की स्क्रीनिंग, निक्षय मित्र बनाना, पोषण किट का वितरण तथा पीएमजेवाई कार्ड बनाना एवं वितरित करना।

समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने जिला कलक्टर को लिखा पत्र, 19 करोड़ रुपये लागत की चार सड़कों के निर्माण में तेजी लाने की मांग

भरतपुर,वेब वार्ता । भरतपुर शहर से जुड़ने वाली 19 करोड़ रुपये लागत की चार प्रमुख सड़कों के निर्माण में अपेक्षित गति नहीं होने के कारण आमजन को परेशानी हो रही है। जिसके निर्माण में अपेक्षित गति की जरुरत है । इस सम्बन्ध में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने जिला कलक्टर को पत्र लिख कर आग्रह किया है कि 3 करोड़ 13 लाख रुपये लागत की सारस चौराहे से बिजलीघर तक, 5 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत वाली आर बी एम चौराहे से रीको रोड तक, 6 करोड़ 11 लाख



रुपये लागत की कुम्हेर गेट सर्किल से कंजोली वाला एम ई एस तक तथा 4 करोड़ 44 लाख रुपये लागत की रेडक्रॉस सर्किल से चांदपोल रोड तक की सड़कों के निर्माण की गति इतनी धीमी है कि ये समय पर पूरी नहीं हो सकतीं। गुप्ता ने पत्र में कहा है कि यदि समयबद्ध मॉनिटरिंग, निर्माण में आ रही बाधाओं का शीघ्र समाधान करने, पर निश्चय ही इन सड़कों के निर्माण में अपेक्षित गति आ सकती है। इनमें कई सड़कों का निर्माण अभी शुरू भी नहीं हो सका है और जो शुरू हो गई हैं, उनमें निर्माण गति काफी कम है उन्होंने पत्र में यह भी कहा है कि कई सड़कों के निर्माण में धीमी प्रगति का कारण अतिक्रमण, क्रॉस सेक्शन की डिजाइन को अंतिम रूप नहीं होने, समय पर तकनीकी स्वीकृति जारी नहीं होने जैसी समस्याएं हैं। जिन्हें आपसी समझाइश, विभागों के आपसी समन्वय से दूर किया जा सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाकर प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति, लंबित स्वीकृतियों और कार्य में आ रही बाधाओं की प्रगति समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक कार्य के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित कर निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर किया जाये ।

बिहार में कानून-व्यवस्था पर तेजस्वी का हमला, जमुई की घटना को लेकर सरकार पर साधा निशाना

पटना ,वेब वार्ता ।बिहार के जमुई में नाबालिग लड़के-लड़की के साथ कथित अभद्रता के मामले को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में अराजक स्थिति उत्पन्न हो गई है और छात्राओं एवं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जमुई मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तेजस्वी यादव ने अपने बयान में कहा कि बिहार में अब कहीं भी और कभी भी छात्रा तथा महिला सुरक्षित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधी दिनदहाड़े स्कूल, कॉलेज और घरों में घुसकर अपराध कर रहे हैं।

बयाना नगर पालिका की नई अध्यक्ष बनीं उषा अग्रवाल, शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

बयाना,वेब वार्ता । नगर पालिका को नई अध्यक्ष मिल गई हैं। भाजपा प्रत्याशी उषा अग्रवाल ने सोमवार को पद और गोपनीयता की शपथ लेकर नगर पालिका अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अल्का श्रीवास्तव ने उन्हें शपथ दिलाई। बयाना नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी उषा अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हुईं। पदभार ग्रहण से पहले नगर पालिका कार्यालय में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद एसडीएम अल्का श्रीवास्तव ने उषा अग्रवाल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पदभार संभालने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष उषा अग्रवाल ने शहर के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने सफाई व्यवस्था, सड़कों की स्थिति, स्ट्रीट लाइट और ड्रेनेज व्यवस्था को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही शहर में जलभराव की समस्या के समाधान, आधुनिक डंपिंग यार्ड और बेहतर पार्क विकसित करने पर भी जोर दिया। बयाना नगर पालिका के 35 सदस्यीय बोर्ड में 22 निर्दलीय, 11 भाजपा और 2 कांग्रेस पार्षद हैं। उषा अग्रवाल इससे पहले वर्ष के समाधान और विकास कार्यों को गति देने की चुनौती रहेगी।

चित्तौड़गढ़ से गुजरने वाली कई ट्रेनें रद्द

चित्तौड़गढ़, 21 सितम्बर (का.सं.)। चित्तौड़गढ़ से रेल यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए आने वाले दिनों में परेशानी बढ़ सकती है। अजमेर-चंदेरिया रेलखंड पर दोहरीकरण काम के चलते इस रूट से गुजरने वाली कई जरूरी ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

हम भारत के लोग' के संदेश के साथ जयपुर में निकली लोकमंथन यात्रा

जयपुर,वेब वार्ता । लोकमंथन-2026 के तहत सोमवार को जयपुर में 'लोकमंथन यात्रा जयपुर महानगर' का आयोजन किया गया। गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन के बाद जलेबी चौक से उपमुख्यमंत्री एवं लोकमंथन-2026 आयोजन समिति की अध्यक्ष दीया कुमारी ने यात्रा रथ को रवाना किया। यात्रा के दौरान 'हम भारत के लोग' के संदेश के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों, प्रबुद्धजनों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

यात्रा के मार्ग को आकर्षक रंगोलियों से सजाया गया था। शहर के विभिन्न स्थानों पर व्यापार मंडलों और समाजजनों की ओर से पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। इससे यात्रा मार्ग पर उत्सवी माहौल नजर आया। यात्रा में क्रीड़ा भारती से जुड़े राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। खिलाड़ियों ने साइकिलिंग, स्केटिंग, फुटबॉल, कबड्डी और सतोलिया सहित पारंपरिक एवं आधुनिक खेल गतिविधियों का प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

मीडिया से बातचीत में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आगामी 4 से 6 दिसंबर तक जयपुर में प्रस्तावित लोकमंथन-2026 के पूर्व-आयोजन के रूप में यह यात्रा समाज जागरण और समाज को जोड़ने के उद्देश्य से निकाली गई है। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा मूल रूप से लोक आधारित रही है और लोक जीवन के मूल्य प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ सामंजस्य तथा सतत जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा, 'लोक से जुड़ाव ही लोककल्याण का आधार है और लोकमंथन से लोकमंगल का मार्ग प्रशस्त होगा।'

लोकमंथन यात्रा हवामहल, बड़ी चौपड़ और अल्बर्ट हॉल होते हुए महारानी कॉलेज पहुंची। यहां लोक साहित्य, लोक संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा सहित विभिन्न विषयों पर आधारित कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। आगामी 4 से 6 दिसंबर तक होने वाला लोकमंथन-2026 जयपुर में प्रस्तावित है।

समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन होगा

सिरोही, 21 सितम्बर। समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। जिला कलेक्टर रोहिताष्व सिंह तोमर ने बताया कि सप्ताह का ध्येय राज्य के अनुसूचित जातियों, जनजातियों, पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक, विषेष योग्यजन, महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के साथ साथ सामाजिक बुराईयों एवं कुरीतियों के विरूद्ध जन चेतना जागृत करना प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने बताया कि 01 अक्टूबर को समाज कल्याण सप्ताह उद्घाटन एवं अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह, बालाजी थर्ड रेजीडेंसी 3 सिरोही में पात्र व्यक्तियों की पेंषन स्वीकृतियां जारी करना, पात्र व्यक्तियों की बंद पेंषन को चालू करना, वयोवृद्ध व्यक्ति का सम्मान, वृद्धजनों के अधिकारों के प्रति जन चेतना जागृत करना, वृद्ध व्यक्तियों की चिकित्सा संबंधी जांच, भामाषाह/स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से वृद्धाश्रमों एवं डे-केयर सेंटरों में लाभान्वित हो रहे वृद्धजनों को चष्मे, घडी, पुस्तके/मास्क आदि दैनिक चर्चा की आवष्यक वस्तुएं देना। अंतर-पीढ़ीगत वॉकथॉन इसमें स्वस्थ जीवनषैली व वरिष्ठजनों के सम्मान के संदेष के साथ विभिन्न वर्ग के बच्चे, युवा, विद्यार्थी, स्वयंसेवक आदि वरिष्ठ नागरिकों का भाग लेना ।सामुहिक शपथ/प्रतिज्ञा कार्यक्रम इसमें कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं संरक्षण के लिए प्रतिज्ञा दिलाना, अंतर-पीढ़ीगत प्रष्नोत्तरी प्रतियोगिता के तहत विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव,ज्ञान व योगदान को प्रदर्षित करना। अंतर पीढीगत खेल एवं मनोरंजक गतिविधियां पारंपरिक खेल,षतरंज,कैरम आदि खेलों का युवाओ व वरिष्ठ नागरिकों के साथ आयोजन करना। योग, प्राणायाम, ध्यान एवं वेलनेस सत्र के तहत शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग व ध्यान का सत्र विभिन्न आयु वर्गों के लिए ब्लॉक, महाविद्यालय व विद्यालय स्तर पर आयोजित करना। वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कौषल एवं ज्ञान साझा करने का सत्र में व्यावसायिक व जीवन अनुभव युवाओं तक पहुंचाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा ज्ञान साझा सत्र का आयोजन करना। अंतर पीढ़ीगत पौधारोपण अभियान के तहत युवाओं और वरिष्ठजनों द्वारा पौधों का संरक्षण करने के लिए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन करना। स्वास्थ्य एवं वेलनेस कैम्प में स्वास्थ्य जांच, फिटनेस आंकलन व आहार पोषण संबंधी स्वास्थ्य गतिविधियां व स्वास्थ्य परामर्ष षिविर का आयोजन करना। जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, अधिकारों व जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना। अंतर पीढीगत प्रतिभा एवं कहानी वाचन कार्यक्रम में विद्यार्थियों, युवाओं व वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन अनुभव साझा करने के लिए मंच प्रदान करना। प्रषंसा संदेष गतिविधि में वरिष्ठ नागरिकों का आभार व सम्मान प्रकट करने के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामुदायिक समूहों द्वारा प्रषंसा संदेष गतिविधि का आयोजन करना। डिजिटल साथी कॉर्नर में वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल एवं वित्तीय सहायता के लिए यूपीआई, डिजिलॉकर, उमंग आदि की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना। 02 अक्टूबर को अनुसूचित जातियों का कल्याण दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम गांधी पार्क में।

03 अक्टूबर को अपराधी सुधार दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कारागृह में केन्द्रीय/जिला कारागृह के बंदियों की समस्याओं एवं परीवीक्षा अधिनियम पर विचार गोष्ठी, बंदियों की पारिवारिक भूमि एवं विवादों की जानकारी प्राप्त करना व उनकों निपटानें में सहायता करना, बंदियों के लिए व्यावसायिक प्रषिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ करना, इस दिवस पर उनके प्रचलित नियमों के अनुरूप उनके परिवारों से मिलवाना, स्वयंसेवी संस्थाओं/आरएसएलडीसी के पैनल की संस्थाओं से सम्पर्क कर उन्हे शार्ट टर्म ट्रेनिंग कार्यक्रमों से जोडना, पालनहार योजना के लाभ के पात्र बंदियों के प्रकरण तैयार करना, भीक्षावृति मुक्ति के लिए कार्य योजना तैयार करना तथा भीक्षावृति करने वालों का पुनर्वास करना। 04 अक्टूबर को बाल दिवस निष्क्रमणीय पषुपालन आवासीय विद्यालय नितोडा पिंडवाडा में निराश्रित बालकों के लिए संभ्रान्त व्यक्तियों के माध्यम से फोस्टर केयर उपलब्ध कराना, कमजोर वर्ग एवं कच्ची बस्तियों के बच्चों को चिकित्सा विभाग की सहायता से रोग निरोधक टीके एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्य, बच्चों की स्वास्थ्य एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कार वितरण करना, निराश्रित बालगृहों का निरीक्षण एवं जन प्रतिनिधियों का दौरा कर समाज सुधार के लिए सुझाव आमंत्रित करना, बालगृहों/आंगनवाडी का निरीक्षण एवं जन प्रतिनिधियों का दौरा कर समाज सुधार के लिए सुझाव आमंत्रित करना, छात्रावासों/निराश्रित बाल गृहों में चिकित्सीय परीक्षण कराना तथा उन्हें स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी दिया जाना, जनजीवन योजना के प्रषिक्षण षिविरों का शुभारम्भ करना तथा पालनहार योजना के आवासीय छात्रावासों को प्रारम्भ करना।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -IV-ए - ई-नीलामी-अचल संपत्ति/संपत्तियों की सार्वजनिक बिक्री सूचना

ई-नीलामी-अचल संपत्ति/संपत्तियों की सार्वजनिक बिक्री सूचना ई-नीलामी-वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित)

रजि. कार्यालयः- 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोनः-011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाईटः-www.pnbhousing.com

शाखा का पता : प्लॉट नं. 7ए कलेक्टोरेट से भीलवाड़ा रोड, चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312001

इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में दर्शाए गए उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटीकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम संख्या-डी में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्ति (संपत्तियां) जो सुरक्षित ऋणदाता को बंधक रखी गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा (जैसा कॉलम संख्या-सी में वर्णित है) ले लिया गया है, उसे नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार **"जहां है जैसा है, जो है जैसा है और जो भी है के आधार पर"** बेचा जाएगा। एतद्द्वारा, संबंधित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादकों, प्रशासकों, उत्तराधिकारियों, समनुदेशिती(ओं) को सूचित किया जाता है, जैसा भी मामला हो, जैसा कि प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के संशोधित नियम-8(6) और 9 के अंतर्गत कॉलम संख्या-ए में दर्शाया गया है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.pnbhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋण संख्या का नाम उधारकर्ता/सह- उधारकर्ता/गारंटर / कानूनी उत्तराधिकारी(ए)	मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा की प्रकृति (सी)	गिरवी रखी गई संपत्तियाँ का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (10% का आरपी) (एफ)	बोली जमा करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि मानसिक दर (एच)	निरीक्षण दिनांक और समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	एनोज्ञ एनकम ब्रैंस कोर्ट केस, यदि कोई हो (के)
एचओयू/आरसीएचआई/0923/1162896, शिवा बाई/जगदीश नाथ योगी, बी.ओ. :चित्तौड़गढ़	रु. 3021363.83 एवं 14.05.25	भौतिक	प्लॉट नंबर 52 सुरभि नगर, पुठोली, चित्तौड़गढ़, राजस्थान-323927	रु. 2321000	रु. 232100	0610.26	रु. 10,000	25-09-26, 10:00 एएम से 5:30 पीएम	07.10.26, 02.00 पीएम से 03.00 पीएम	*शून्य/ज्ञात नहीं

*18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज के साथ जैसा लागू हो, भुगतान और/या उसकी वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि। **पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, उपरोक्त उल्लेखित अचल/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कॉलम संख्या-के में बताए गए को छोड़कर कोई अन्य बाधा/दावा नहीं है। सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपनी ओर से पूरा किया/भुगतान किया जाएगा। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उल्लेखित बाधाओं की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं। (1.) आज तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों को बेचने, अलग करने और/या निपटाने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है और स्थिति कॉलम संख्या-के में उल्लेखित है। (2.) संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कॉलम संख्या-के में बताई गई कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में दलील का निरीक्षण कर सकते हैं। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले सभी मामलों में खुद को संतुष्ट करते हैं। बोली लगाने वालों को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करना होगा। (3.) कृपया ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (इसमें शामिल है) बयाना राशि का) उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोली लगाने वालों) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टिकरण पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता को बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और ऐसी जमा राशि में चूक होने पर, अधिकृत अधिकारी बिक्री का आंशिक भुगतान जब्त कर लेगा। बिक्री पुष्टिकरण पत्र में उल्लेखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति की तारीख से 15 दिनों के भीतर प्रतिफल राशि और संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार फिर से बेचा जाएगा। (4.) मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के संचालन में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003 में है। वेबसाइट - www.bankeauctions.com संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण के लिए, आपको **श्री कालू राम और टोल फ्री नंबर -1800120 8800, ई-मेल: auction@pnbhousing.com** के साथ समन्वय करना होगा, जो पीएनबीएचएफएल का अधिकृत व्यक्ति है या **www.pnbhousing.com** देखें।

स्थान:- चित्तौड़गढ़, दिनांक:- 21.09.2026 — एसडी/-प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जीजा घायल, लिटिल फ्लावर स्कूल के पास हुआ हादसा

नोखा,वेब वार्ता । में लिटिल फ्लावर स्कूल के पास रविवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में उसके साथ बाइक पर जा रहे जीजा घायल हो गए। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर किया गया है। मृतक की पहचान नोखा निवासी शांतिलाल नायक (28) के रूप में हुई है। घायल उसका जीजा धन्नाराम है, जो छावटा, खींवसर का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार, शांतिलाल अपने जीजा धन्नाराम के साथ बाइक से करणी नगर की ओर जा रहा था। लिटिल फ्लावर स्कूल ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, प्लाट सं. 28, विवेकानन्द कॉलोनी के पूर्व की तरफ अहमदाबाद बाय पास, सिरोही से मुद्रित व प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णत: व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णत: प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बर: 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com